जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

दिनांकः 05 जुलाई, 2024

सेवा में,

1. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

विषयः जननायक चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर दिनांकः 08 जुलाई, 2024 को वृक्षारोपण के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयानुक्रम में सूच्य है कि जननायक चन्द्रशेखर जी प्रकृति और पर्यावरण के प्रेमी थे। जीवन पर्यन्त उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण का प्रयत्न किया। आपातकाल के दौरान पटियाला जेल के खाली पड़े मैदान में उन्होंने वृक्षारोपण कर उसे बगीचे में बदल दिया था। चन्द्रशेखर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी इस भावना के अनुरूप वृक्षारोपण करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अतः आप सबसे आग्रह है कि **अपने–अपने महाविद्यालय में दिनांकः 08 जुलाई, 2024 को वृक्षारोपण करके जननायक चन्द्रशेखर जी को श्रद्धांजलि निवेदित करें एवं वृक्षारोपण का जी0पी0एस0 फोटोग्राफ विश्वविद्यालय की ई–मेलः jncuballia@gmail.com पर प्रेषित करने का कष्ट करें।**

भवदीय,

डॉ0(प्रवीण नाथ यादव)
सहायक निदेशक,
चन्द्रशेखर नीति अध्ययन केन्द्र एवं शोधपीठ,
जे0एन0सी0यू0, बलिया

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः

1. माननीय कुलपति जी।
2. कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

सहायक निदेशक,
चन्द्रशेखर नीति अध्ययन केन्द्र एवं शोधपीठ,
जे0एन0सी0यू0, बलिया